साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
**SOUTH EASTERN COALFIELDS LIMITED**
(मिनी रत्न कम्पनी/ A MINI RATNA COMPANY)
**CIN NO. U10102CT1985GO1003161**
**Regd.Office**- SEEPAT ROAD, BILASPUR, DISTT- BILASPUR (CG) 495 006
**Office of the Non Executive Estb. Department**
Tel: 07752 246370 Fax: 07752 246370 (वेबसाईट **www.secl-cil.in**)

Ref.No. SECL/BSP/P/NEE/2022/अधिसूचना/311 Date: 30.06.2022

# आंतरिक अधिसूचना

**विषयः– एसईसीएल एवं सीआईएल की अन्य सहायक कम्पनियों तथा सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों का माईनिंग सरदार तकनीकी एवं पर्यवेक्षक ग्रेड सी के पद पर चयन बाबत्।**

क : एसईसीएल एवं सीआईएल की अन्य सहायक कम्पनियों तथा सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता में **कार्यरत इच्छुक विभागीय कर्मचारियों से** श्रमशक्ति बजट 2021–22 में उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार माईनिंग सरदार तकनीकी एवं पर्यवेक्षक ग्रेड " सी " के पद पर चयन हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन–पत्र उचित माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं :–

| पद | Total Vacancy | (Including backlog) | | GEN (UR) |
|---|---|---|---|---|
| | | SC | ST | |
| माईनिंग सरदार तकनीकी एवं पर्यवेक्षक ग्रेड सी | 170 | 37 | 18 | 115 |

(उपरोक्त सूची में उल्लेखित रिक्त पदों की संख्या मे श्रमशक्ति बजट 2022–23 के आधार पर आवश्यकता अनुसार परिवर्तन हो सकता है अथवा चयन प्रक्रिया निरस्त की जा सकती है।)

ख : पात्रता :–

1. उपरोक्त पद हेतु संबंधित संवर्ग योजना (Cadre Scheme) के अंतर्गत दिनांक **30-06-2022** को निम्नानुसार अपेक्षित योग्यता और अनुभव पूर्ण करने वाले विभागीय कर्मचारी ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पात्रता रखते हैं।

**(Cut-Off date for eligibility:- 30.06.2022)**

| Designation | Minimum Qualification | Eligibility for Selection |
|---|---|---|
| Mining Sirdar T&S Grade-C | Valid Certificate of Mining Sirdarship, First Aid & Gas Testing | 3 Years of experience in working in Underground |

ग : चयन हेतु मार्किंग पैटर्न :–

| Post | Marks | Pattern of Written Test |
|---|---|---|
| Mining Sirdar T&S Grade-C | **Written Test** | Multiple Choice Question (MCQ) Pattern containing 100 questions. Each question will carry 01 mark. |
| | Total -100 marks | |
| **Written Test will be conducted on OMR Sheet.** | | |
| **There will be no negative marking for wrong answers.** | | |

| Category of candidates | Qualifying Marks |
|---|---|
| General Category | 40% of Total marks in Written Test. |
| SC/ST Category | 35% of Total marks in Written Test. |

घ : आवेदक कर्मचारी के लिए आवश्यक जानकारी /दिशा–निर्देश :

1. आवेदन पत्र का नमूना अनुलग्नक (I), इस अधिसूचना के साथ संलग्न है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि संलग्न नमूने को सावधानी पूर्वक पढ़े और उसे पूर्ण करें। अपूर्ण आवेदन एवं अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दिया जायेगा। पुनः आवेदन की मूल–प्रति भेजा जाना आवश्यक है।
2. अधिसूचित पद हेतु एसईसीएल एवं सीआईएल कोलकाता की अन्य सहायक कम्पनियों तथा सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों से निर्धारित प्रपत्र में किए गए आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे। उक्त आवेदन प्रपत्र एसईसीएल के वेब–साईट www.secl.cil.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
3. आवेदन–पत्र अपने संबंधित कार्यस्थल (एसईसीएल क्षेत्र/अन्य सहायक कंपनी/ सीआईएल मुख्यालय कोलकाता) में जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक– 21.07.2022** होगी । तदोपरांत आवेदन–पत्रों की जॉच कर सम्बंधित क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/अन्य सहायक कंपनियों/सीआईएल मुख्यालय कोलकाता द्वारा महाप्रबंधक (कार्मिक/औ.सं./एनईई.) के माध्यम से मुख्य प्रबंधक (का./एनईई.), एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर को भेजा जाना है।
4. आवेदन करने वाले कर्मचारी को अपने आवेदन में यह स्पष्ट करना होगा कि उनके कार्य की प्रकृति **भूमिगत (अण्डरग्राण्ड)** या **सतह (सरफेस)** है।
5. आवेदक द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अपेक्षित है –

   (1). शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, के संबंध में अंकसूची/प्रमाणपत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि ।

   (2). Mining Sirdarship Certificate, First Aid एवं Gas Testing प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि

   (3). अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों का स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि (जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का ओहदा तहसीलदार या उससे ऊपर का होना चाहिए)

6. चयन प्रक्रिया के दौरान या भविष्य में कभी भी आवेदक द्वारा जानबूझकर किसी तथ्य को छुपाने अथवा गलत या झूठी जानकारी देने संबंधी जानकारी प्राप्त होती है/का संज्ञान होता है तो उस स्थिति में संबंधित आवेदक/कर्मचारी की उम्मीदवारी को तत्काल निरस्त किया जायेगा , साथ ही कम्पनी के प्रमाणित स्थाई आदेश के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**च : एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर को उचित माध्यम से आवेदन अग्रेषित किये जाने के सम्बंध में आवश्यक जानकारी/प्रकिया :**

सहायक कम्पनियों एवं सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता से महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं एसईसीएल क्षेत्रो से क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के माध्यम से मुख्य प्रबंधक (का/एनईई) एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की तिथि निम्नानुसार होगी ।

(i). आवेदन पत्र की स्कैन्ड कॉपी (Scanned Copy) एवं **संलग्नित अनुलग्नक–II में**

**वांछित विवरण का एक्सलशीट एवं हस्ताक्षरित** स्कैन्ड कॉपी (Scanned Copy) **ई–मेल** आईडी **persnee.secl@coalindia.in** में क्षेत्र द्वारा प्रेषित करने की **अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2022 ( गुरूवार )**

**(ii).** हार्ड कॉपी (आवेदन मूल रूप में) **एवं** हस्ताक्षरित **अनुलग्नक–II** मूल प्रति प्राप्त होने की **अंतिम तिथि– दिनांक 04.08.2022 (गुरूवार)**

1. आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज /प्रमाण–पत्र की छाया–प्रति का संबंधित मूल प्रति से मिलान किया जाना आवश्यक है।
2. आवेदन–पत्र की सभी प्रविष्टियों को सेवा पुस्तिका से जॉच कर पुष्टि किया जाना आवश्यक है।
3. जिन कर्मचारियों के विरूद्ध चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित होगी वे उक्त पद पर चयन हेतु पात्र नहीं होंगे। आवेदन पत्र अग्रेषित करने के बाद यदि कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की जाती है तो उसकी जानकारी (आरोप–पत्र के विवरण सहित) मुख्य प्रबंधक (का/एनईई) एसईसीएल को लिखित परीक्षा (Written Test) के पूर्व प्रेषित किया जाना आवश्यक है।
4. आवेदक कर्मचारी का वांछित गोपनीय वार्षिक निष्पादन प्रतिवेदन (Confidential Annual Performance Report ) एवं वार्षिक उपस्थिति (अधिकृत अवकाश जोड़कर ) पात्रता हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।
5. संबंधित आवेदक/कर्मचारी, किसी भी एक या एक से अधिक वर्ष का गोपनीय प्रतिवेदन . खराब (Poor) होने अथवा पिछले तीन वर्ष का **औसत वार्षिक उपस्थिति**, भूमिगत कर्मचारियों का 190 दिन एवं सरफेस कर्मचारियों का 240 दिन से, कम होने पर अधीसूचित पद हेतु पात्र नही होंगे **तथा ऐसे कर्मचारियों का आवेदन ,अनुषंगी कम्पनी/ क्षेत्र/इकाई से अग्रेषित नही किया जाना है।** संबंधित आवेदक कर्मचारी को आवेदन अग्रेषित नहीं करने के कारण से अवगत कराया जाना अपेक्षित है।
6. ऐसे कर्मचारी जिनके प्रकरण में, वर्ष 2020 के उपरांत यदि विभागीय चयन के पश्चात चयनित/पदस्थापित स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने अथवा कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त चयन निरस्त करने हेतु किये गए अनुरोध के आधार पर, यदि चयन निरस्त किया गया है एवं वे 2 वर्ष के लिए चयन प्रक्रिया से वंचित किये गए हैं, गैर अधिकारी संवर्ग के किसी भी पद हेतु एसईसीएल में भविष्य में होने वाली चयन प्रक्रिया से चयन निरस्त आदेश जारी होने की तिथि से दो वर्ष अवधि के लिए वंचित (Debarred) किया जाएगा।

## छ : अधिसूचित पद पर चयन के संबंध में अन्य आवश्यक शर्ते –

1. चयनित कर्मचारियों का वेतन नियमानुसार संरक्षित होगा।
2. चयनित कर्मचारियों को रिक्तता एवं आवश्यकता के अनुसार एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थापित किया जायेगा। अतः आवेदन देते समय विभागीय कर्मचारी सोच समझकर आवेदन प्रस्तुत करें। **चयन के पश्चात पदस्थापित स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने अथवा कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त चयन निरस्त करने संबंधी अनुरोध को स्वीकार किये जाने की स्थिति में भविष्य में गैर अधिकारी संवर्ग के किसी अन्य पद हेतु , एसईसीएल में होने वाली चयन प्रक्रिया से चयन निरस्त आदेश जारी होने की तिथि से सम्बंधित आवेदक/कर्मचारी को दो (2) वर्ष के लिए वंचित (डिबार्ड) किया जायेगा।**
3. लिखित परीक्षा–प्राप्त आवेदनों की एसईसीएल मुख्यालय स्तर पर स्क्रूटनी की जायेगी। स्क्रूटनी के पश्चात् जिन आवेदकों के आवेदन अपेक्षित अर्हता को पूर्ण करेंगे, उनकी सूची जारी की जायेगी। तदोपरान्त योग्य पाये गए कामगारों के लिये कैडर स्कीम एवं SOP के अंतर्गत वर्णित प्रावधान के अनुसार लिखित परीक्षा का आयोजन केन्द्रीयकृत रूप से एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में किया जायेगा। परीक्षा स्थल एवं परीक्षा तिथि की सूचना अलग से दी जायेंगी।

4. लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए आवेदक सीआईएल के टी.ए./डी.ए. नियम के अनुसार अधिकृत श्रेणी के किराये और यात्रा भत्ते के लिए पात्र होंगे।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार**

30/6/21

**मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/एनईई)**
**एसईसीएल, बिलासपुर**

**वितरण :–**

1. महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन)/(सतर्कता)/(का/श्र.श.)/(सुरक्षा एवं बचाव) एसईसीएल बिलासपुर
2. महाप्रबंधक (श्र.श./औ.सं.),सीआईएल कोलकाता
3. क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल समस्त क्षेत्र
4. समस्त विभागाध्यक्ष, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर।
5. महाप्रबंधक (कार्मिक/श्र.श./औ.सं./एनईई), सीसीएल/बीसीसीएल/एनसीएल/ईसीएल/डब्ल्यूसीएल/एमसीएल/सीएमपीडीआईएल/एनईसी
6. सीईओ CERL/CEWRL,एसईसीएल (Raipur)
7. महाप्रबंधक (सिस्टम), एसईसीएल बिलासपुर –एसईसीएल की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।
8. महाप्रबंधक, डीसीसी कोलकाता
9. क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल समस्त क्षेत्र
10. अधिवासी कार्यपालक अधिकारी, डेस्क ऑफिस, एसईसीएल भोपाल/ नागपुर
11. प्रबंधक (कार्मिक/एनईई), एसईसीएल, बिलासपुर।
12. समस्त सूचना पटल

**प्रतिलिपि :–**

1. तकनीकी सचिव– अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल बिलासपुर
2. तकनीकी सचिव– निदेशक (तकनीकी/संचालन)/(कार्मिक)/(तकनीकी–योजना एवं परियोजना)/(वित्त)
3. कार्यालय प्रति / मास्टर फाइल एनईई, एसईसीएल, बिलासपुर।